गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

(A Central University Established by the Central Universities Act, 2009 No.25 of 2009)

Phone : 07752-260209, 260283, 260353, 260413, 260435

E-Mail : centralggu@ggu.ac.in Fax : 07752-260148, 260154 Website : www.ggu.ac.in

क्रमांक 67 /अका./दीक्षांत/2012 बिलासपुर, दिनांक : 20.01.2012

तृतीय दीक्षांत समारोह
परिपत्र

केन्द्रीय विश्वविद्यालय के रूप में उन्नयन के उपरान्त विश्वविद्यालय का तृतीय दीक्षांत समारोह का आयोजन **शुक्रवार, दिनांक 17.02.2012** को पूर्वाह्न 11:00 बजे रजत जयंती सभागार में होना प्रस्तावित है, माननीय सर्वोच्च न्यायालय के भूतपूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस श्री व्ही.एन. खरे दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। दीक्षांत समारोह में वर्ष 2011 की प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्तकर्ता छात्र/छात्राओं को स्वर्ण मंडित पदक एवं उन शोधार्थियों को शोध उपाधि प्रमाण पत्र प्रदान किये जायेंगे जो दिनांक 18.01.2011 से 10.02.2012 की अवधि में इस विश्वविद्यालय की शोध उपाधि के लिये योग्य घोषित किये गये है :-

पीएच.डी.

01. शोध उपाधि के लिये योग्य घोषित जो शोध छात्र इस दीक्षांत समारोह में उपस्थित होकर शोध उपाधि प्राप्त करना चाहते हैं उन्हें संलग्न निर्धारित प्रपत्र में अपने आवेदन पत्र विश्वविद्यालय में दिनांक 07.02.2012 तक जमा करना होगा साथ में शोधार्थियों को अमानत राशि के रूप में 1000/- रूपये नगद दीक्षांत समारोह में गाउन के लिए विश्वविद्यालय के वित्त विभाग में जमा करना होगा। इस हेतु अमानत शुल्क राशि जमा करने की अंतिम तिथि और समय दिनांक 11.02.2012 को सायं 04:00 बजे तक होगी। इस तिथि के पश्चात् आवेदन पत्र एवं शुल्क स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

    निर्धारित शुल्क एवं नियमानुसार निर्धारित प्रपत्रों सहित पूर्णतः भरे गये आवेदन पत्र प्राप्त होने पर विश्वविद्यालय द्वारा पात्र शोधार्थियों के लिये दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होने हेतु अनुज्ञा पत्र तैयार किये जायेंगे। यह अनुज्ञा पत्र विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में दिनांक 13.02.2012 एवं 14.02.2012 कार्यालयीन समय तक प्राप्त किये जा सकेंगे। अनुज्ञा पत्र प्रस्तुत करने पर विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग से दीक्षांत वेशभूषा प्राप्त हो सकेगा एवं दीक्षांत वेशभूषा धारण करने के पश्चात् ही दीक्षांत समारोह स्थल में प्रवेश मिल सकेगा।

स्वर्ण पदक

02. वर्ष 2011 की परीक्षाओं की विभिन्न कक्षाओं में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण ऐसे छात्र/छात्राओं को जो प्रावीण्य सूची में प्रथम आए हैं उन्हें स्वर्ण मंडित पदकों से भी अलंकृत किया जायेगा। स्वर्ण मंडित पदक हेतु योग्य घोषित जो छात्र/छात्रायें स्वयं उपस्थित होकर दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक प्राप्त करना चाहते हैं, वे भी दिनांक 10.02.2012 तक निर्धारित

प्रपत्र में समस्त अंकसूचियों सहित आवेदन विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में प्रस्तुत करेंगे। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आवेदन को दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जा सकेगी। दीक्षांत वेशभूषा धारण करने के पश्चात् ही दीक्षांत समारोह में प्रवेश हो सकेगा। दीक्षांत वेशभूषा की अमानत राशि रूपये 1000/- प्रति छात्र को जमा करना होगा।

आदेशानुसार,

कुलसचिव (कार्यवाहक)

पृ0 क्रमांक 68 /परीक्षा/दीक्षांत/2012 बिलासपुर, दिनांक : 20.01.2012

प्रतिलिपि :-

01. कुलपति के सचिव की ओर कुलपति जी के सूचनार्थ।
02. सचिव, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, शास्त्री भवन, नई दिल्ली की ओर सूचनार्थ।
03. समस्त संकायाध्यक्ष, गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर की ओर सूचनार्थ।
04. अधिष्ठाता-छात्र कल्याण/कुलानुशासक, गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर की ओर सूचनार्थ।
05. विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के समस्त विभागाध्यक्ष की ओर सूचनार्थ एवं इस निवेदन के साथ प्रेषित है कि कृपया उपरोक्त परिपत्र को विभाग के सर्वसम्बंधितों की सूचना की व्यवस्था हेतु प्रेषित।
06. प्राचार्य, समस्त संबद्ध महाविद्यालयों, गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर की ओर सूचनार्थ।
07. वित्ताधिकारी की ओर इस आशय के साथ प्रेषित है कि कृपया अमानत राशि नगद में जमा कराने एवं कार्यक्रम के पश्चात् नगद राशि लौटाने की व्यवस्था हेतु प्रेषित।
08. मीडिया प्रभारी, की ओर सूचनार्थ एवं समाचार पत्रों में प्रकाशन की व्यवस्था हेतु प्रेषित।
09. कुलसचिव के निज सहायक की ओर कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
10. विभागाध्यक्ष, संगणक विभाग को इस अनुरोध के साथ अग्रेषित है कि कृपया परिपत्र को विश्वविद्यालय के वेबसाईट में उपलब्ध कराने की व्यवस्था हेतु संबंधित को निर्देशित करना चाहें।

उप/सहा.कुलसचिव (अकादमिक)